तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 29 अगस्त 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 ट्रेन का जनरल टिकट मिलेगा मिनटों में मोबाइल...

14 साइंटिस्ट इंडिया कार्यक्रम में छात्रों का प्रोजेक्ट प्रस्तुत

खबर संक्षेप

कार की टक्कर से एक घायल

महासमुंद। पटेवा थानांतर्गत झलप के बंगलापारा स्थित अपने घर रहा एक व्यक्ति कार की ठोकर से घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालकके खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस न बताया कि झलप निवासी तुलसी रौतिया सामान खरीद कर वापस अपने घर जा रहा था। नेशनल हाईवे 53 मिडिल स्कूल के सामने रोड को पैदल क्रास कर रहा था, तभी पिथौरा की ओर से आ रही कार क्रमांक ओडी 14 एडी 6607 के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर तुलसी रौतियाको टक्कर मार दिया। जिससे उसके सिर, दोनो हाथों में चोट आई है। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध 125(ए), 281बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। बड़गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ मारपीट के मामले में तुमगांव पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हिंरौदी ने बताया कि 27 अगस्त की शाम 4 बजे उसका देवर मुकेश निषाद पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर रहा था। जिसे देख मेरा लडका छत्रपाल निषाद वहां पर आया और बीच बचाव का प्रयास किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

नियम: पंजीयन नहीं होने से धान खरीदी सहित अनेक योजनाओं से होंगे वंचित

जिले भर में 18444 किसानों का नहीं हुआ एग्रीस्टेक पंजीयन, अब केवल 6 दिन शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सहकारी समितियों में एग्रीस्टैक पंजीयन के लिए अब केवल 6 दिन शेष रह गए हैं। 5 सितंबर को पंजीयन के लिए यह पोर्टल लॉक हो जाएगा। जिले में अब तक 18444 किसानों ने पंजीयन की प्रक्रिया पूरी नही की है।

उल्लेखनीय है कि जिले के 1,57,444 किसानों में से 1,39000 किसानों ने अब तक पंजीयन कराया है। बाकी 18444 किसान अभी तक पंजीयन से वंचित हैं। ऐसे किसान न केवल धान खरीदी से वंचित हो सकते हैं, बल्कि पीएम किसान योजना की किस्त और फसल बीमा का लाभ भी नहीं ले सकेंगे। वहीं किसानों को दिक्कत यह आ रही है कि 2022 के बाद से अब तक के लिए रिकॉर्ड का डाटा राज्य के एग्रीस्टैक पोर्टल में अपलोड नहीं किया गया है। ऐसे में किसान भी असमंजस की स्थिति में है कि पंजीयन कराएं कि नहीं कराएं। केंद्र सरकार किसानों को अलग से चिन्हांकित करने के लिए एग्रीस्टैक पंजीयन करा रही है। ताकि ऐसे किसानों का पृथक्कीकरण हो जाए जो वास्तविक में खेती करते हैं। ताकि कोई भी योजना का लाभ सीधे किसानों तक पहुंच सके इसके लिए केंद्र सरकार पंजीयन करवा रही है अब एग्रीस्टैक पंजीयन धान बेचने वाले किसानों को अनिवार्य कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार ऐसे किसान जो धान बेचते हैं वे पंजीयन नहीं कराये हैं तो उन्हें करवाना पड़ेगा। ऐसे में अब केंद्र सरकार ने 5 सितंबर तक अंतिम तिथि निर्धारित कर दी है। लेकिन अब तक धान बेचने वाले हजारों किसानों ने पंजीयन नहीं कराया है।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए नया पंजीयन जरुरी

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में सभी किसानों का नवीन पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल में अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा, पिछले वर्ष के पंजीकृत किसानों का कैरी फारवर्ड और संशोधन कार्य भी एग्रीस्टैक पोर्टल पर किया जाएगा। केवल वही किसान जो एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीकृत होंगे, वे धान विक्रय के लिए पात्र होंगे।

रिकार्ड दुरुस्त नहीं होना किसानों के लिए बना सिर दर्द

जिले के हजारों किसान समर्थन मूल्य में धान बेचते हैं, लेकिन ऐसे किसानों ने बीते में अपने खाता में संशोधन कराया है या फिर खाता विभाजन हो गया है। ऐसे में किसान जब भी सीएसएसी सेंटर जाते हैं तो उनका खाता अपडेट नहीं होना बताया जाता है क्योंकि 2022 के बाद से अब तक के लिए रिकॉर्ड का डाटा राज्य के एग्रीस्टैक पोर्टल में नहीं किया गया है। किसानों का रिकार्ड दुरुस्त नहीं हुआ है, और अंतिम तिथि में केवल 6 दिन शेष है जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

हड़ताली एनएचएम महिला कर्मियों ने किया सुआ नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम)

- 10 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल में एनएचएम

के कर्मचारी नियमितीकरण, ग्रेड पे सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। स्थानीय धरनास्थल कर्मचारियों ने तख्तियों, बैनरों और मोदी की गारंटी के नारों के साथ अब सुआ नाच, पंथी नाच, गरबा नाच, राउत नाच आदि के माध्यम से आम जनता के बीच मांगों से अवगत कराया। महिला कर्मचारियों ने भी तीजा, गणेश चतुर्थी व्रत रखकर पर्व पर परंपरागत रीति-रिवाज निभाते हुए धरनास्थल पर आंदोलन में डटे रहे।

उधर, कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन आंदोलन में चले जाने से उपस्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं, जिससे आम जनता को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएँ समय पर नहीं मिल पा रही हैं। कर्मचारियों का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाएं ठप होने के लिए वे नहीं, बल्कि शासन का अड़ियल रवैया जिम्मेदार है। कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रामगोपाल खूंटे एवं कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि नियमितीकरण, ग्रेड पे और लंबित 27% वेतन वृद्धि सहित सभी मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शासन द्वारा जल्द ही उनकी मांगों पर लिखित निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। कर्मचारियों ने चार समूहों में विभाजित होकर प्रधानमंत्री के घोषणा पत्र में उल्लिखित 100 दिनों में नियमितीकरण के वादे को जनता के बीच प्रस्तुत किया और बड़े नेताओं के मंचों से दिए गए वक्तव्यों को सबूत के रूप में साझा कर शासन का ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास किया।

लोकल आवक कम होने से बढ़े सब्जियों के दाम, दाल की कीमत भी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर स्थित सब्जी बाजार में इन दिनों सब्जियों की लोकल आवक बंद होने की वजह से दाम बढ़े हुए है, जो लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। बारिश के मौसम से लोकल बाड़ियों में सब्जी की फसलें कम हो गई है एवं फसलें खराब होने से आवक में कमी होने से लोगों को महंगाई की मार पड़ रही है। सप्ताह भर में टमाटर की कीमत दोगुनी हो गई है। सप्ताह भर पहले 20 रुपए किलो में बिकने वाला टमाटर गुरुवार को 40 से 50 रुपए किलो में बिका।

वहीं अन्य सब्जियों के दाम में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। लगातार बढ़ रही कीमत से लोगों की समस्या बढ़ गई है। महंगाई की मार से अब सब्जियों का स्वाद भी बिगड़ने लगा है। बजट गड़बड़ा रहा है।

दालों के बाद अब सब्जियों की कीमत बढ़ने से लोगों को रसोई पर ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। सब्जी विक्रेता निकित पटेल ने बताया कि वर्तमान में लोकल से सब्जियों का आवक कम हो गई है। अधिकांश सब्जियां दूसरे राज्य से आ रही है। लोकल में सब्जियों के आवक बहुत कम हो गई है। इसकी वजह से दाम में बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान में अधिकांश सब्जियां 60 से 80 रुपए किलो में बिक रही है।

दाल भी महंगी

लंबे समय से रसोई में शामिल अरहर दाल के दाम में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अच्छे किस्म की अरहर दाल 130 से 140 रुपए किलो तक बिक रही है। वहीं अन्य दालों की दामों में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सब्जियों के दाम में लगातार हो रही बढ़ोतरी से आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सब्जियों के भाव

स्थानीय सब्जी मंडी में टमाटर 40 से 50 रुपए किलो, गोभी 60 रुपए किलो, करेला 60 रुपए, भिंडी 60 रुपए किलो, बरबट्टी 60 रुपए, मिर्च 100 रुपए, परवल 60 रुपए, खीरा 30 रुपए एवं डेंस 80 रुपए किलो तक बिक रहे हैं।

RATHI'S BUILD MART
नींव से निर्माण तक

LIMITED TIME, UNLIMITED FAYDE.

FAYDE KE 20 DIN
21ST AUGUST - 10TH SEPTEMBER

MARKETED BY FOR ONE MEDIA

New Launch | Bulk Purchase | Combos | Spot Booking | Upto 60% Off & More

BATHWARE • TILES • STONES • PLY-LAM-VENEER • HARDWARE • WINDOWS & MORE

KOHLER, fima CARLO FRATTINI, Nexion, haique, HÄFELE, ETERNIA, hansgrohe, Oyster, FlexStone, axiSTONE, EVEREST PLY, VOX, CERAMUSE, RAVS, icon, FRANKE

OFFERS NOW LIVE AT:

RAIPUR
Near Jio BP Petrol Pump, Devpuri
+91 85188 82010

BILASPUR
Vyapaar Vihar Chowk
+91 85188 82030

JAGDALPUR
Chitrakote Road
+91 85188 82020

SUNDAY OPEN
Follow us for Latest Updates

खबर संक्षेप

नुआखाई पर्व पर अवकाश मिलने पर मुख्यमंत्री और विधायक का जताया आभार

रायपुर। ओडिया समाज और उत्कल समाज द्वारा नए फसल की खुशी में हर साल नुआखाई पर्व पूरे छत्तीसगढ़ में धूमधाम से मनाया जाएगा। ओडिया समाज और उत्कल समाज के लोग सामाजिक एकता, प्रेम एवं भाईचारे का संदेश देंगे। इस मौके पर समाज सेविका व महिला नेत्री सावित्री जगत ने नुआखाई पर्व पर अवकाश मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा का आभार जताया। श्रीमती जगत ने बताया कि बुजुर्गों एवं समाजिक मानयताओ के अनुसार नुआखाई से हमें नया जीवन मिलता है हमें हर वर्ष नुआखाई से नया शुरुआत करनी चाहिए, नुआखाई उत्कल समाज का एक सामाजिक माह पर्व है, जिसमें नई फसल मुख्य रुप से है। उन्होंने कहा कि नई फसल मुख्य रुप धान की नई फसल और अन्य चिवड़ा, मूंग, पीठा कर अपने देवी-देवता की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की दुआ मांगते हैं।

सेजबहार सोसाइटी में किया पौधारोपण

रायपुर। ग्रीन आर्मी संस्था के सहयोग से रेसिडेंट कोऑपरेटिव सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस 2 सेजबहार रायपुर में सोसाइटी परिसर में पौधारोपण किया गया। परिसर में नीम, जामुन, कटहल, कदंब, महुआ, आंवला इत्यादि के लगभग 500 पौधे रोपे गए। इस दौरान ग्रीन आर्मी संस्था व हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस 2 सेजबहार से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन ने डिप्टी सीएम से की मुलाकात

रायपुर। नगर निगम द्वारा शहीद स्मारक भवन को ठेके पर निजी एजेन्सियों को देने की तैयारी के विरोध में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन का प्रतिनिधि मंडल 27 अगस्त को उप मुख्यमंत्री अरूण साव से मिला। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शहीद स्मारक भवन सामान्य भवन नही है बल्कि छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग एवं बलिदान का स्मारक है। ऐसे पवित्र स्मारक को आय का स्त्रोत बनाना उन वीरों का अपमान है जिन्होंने अपार कष्ट सहते हुए देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। साथ हीं निगम की इस कदम पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। वहीं उप मुख्यमंत्री द्वारा इस पर गंभीरतापूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान मंडल प्रतिनिधियों में बबीता नत्थनी, प्रभात केयूर भूषण, केके अग्रवाल, राजेन्द्र उमाठे, पीआर अहीर, चन्द्रकांत पांडे, महेश दुबे, राजेन्द्र चतुर्वेदी व प्रवीण दीक्षित शमिल रहे।

हाईटेक जालसाजों ने प्रोफेसर सहित तीन के साथ की 40 लाख की ठगी

रायपुर। साइबर फ्रॉड करने वालों ने राजधानी के तीन लोगों के साथ 40 लाख रुपए की साइबर ठगी की है। ठगी के शिकार होने वालों में डेंटल कालेज के एक प्रोफेसर, वकील तथा एक महिला शामिल है। ठगी के दो मामले शेयर ट्रेडिंग के नाम पर मुनाफा तथा एक अन्य मामले में जालसाज ने एक ई-स्कूटर कंपनी का कर्मी बनकर वकील को ठगी का शिकार बनाया है। अंजोरा स्थित एक निजी मेडिकल कालेज के प्रोफेसर टाटीबंध निवासी जयंत चंद्राकर ने आमानाका थाना में अज्ञात के खिलाफ 26 लाख रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। जयंत ने पुलिस को बताया कि उसने अपने फेसबुक अकाउंट में फायर्स नाम से एक एप देखा।

ट्रेन का जनरल टिकट मिलेगा मिनटों में, मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलवे स्टेशन में यात्रियों को जनरल टिकट बनाने के लिए टिकट काउंटर की लंबी लाइनों में लगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बुधवार से स्टेशन पर यात्रियों के लिए तत्काल जनरल टिकट बनाने की नई आधुनिक मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा की शुरुआत कर दी गई है। इस नए आधुनिक सिस्टम से स्टेशन पर टीटीई मिनट भर में हाईटेक तरीके से यात्रियों का जनरल टिकट काटेंगे।

बता दें कि राजधानी के रेलवे स्टेशन पर यात्री अनारक्षित टिकट काउंटर पर रोजाना लंबी लाइन पर लग कर जनरल टिकट बनाने की असुविधा से जूझते रहे हैं। स्टेशन पर रेल यात्रियों की इस समस्या से जुड़े मामले को हरिभूमि समाचार पत्र लगातार प्राथमिकता से प्रकाशित करता रहा है। अब चूंकि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल ने स्टेशन पर यात्रियों के लिए मोबाइल यूटीएस टिकटिंग की आधुनिक सेवा की सुविधा उपलब्ध कराई है, तो निश्चित ही इससे यात्रियों को जनरल टिकट बनाने के लिए काउंटर के सामने लंबी कतार से राहत मिलेगी। इसके साथ ही रेल यात्रियों की समय की बचत के अलावा जनरल टिकट बनाने के दौरान ट्रेन छूटने की झंझट से भी निजात मिलेगी। स्टेशन पर मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा की शुरुआत पर रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों का जनरल टिकट अब टीटीई बनाएंगे। इससे टिकट बनाने यात्रियों को ना लंबी लाइन की झंझट रहेगी, ना ही घंटों इंतज़ार करना पड़ेगा।

यात्रा के दौरान टीटीई हाथों-हाथ सीधे यूटीएस टिकटिंग मशीन से टिकट बनाकर यात्रियों को उपलब्ध कराएगा, जिससे यात्रा सरल और तेज बनेगी। यह भी कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से टिकटिंग प्रणाली में डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस अवसर रायपुर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद भी उपस्थित रहे।

मोबाइल यूटीएस मशीन से 3 मिनट में यात्रा टिकट मिलेगा

टीटीई स्टेशन परिसर में मोबाइल यूटीएस मशीन द्वारा 3 मिनट के भीतर यात्रियों को टिकट उपलब्ध करा सकेंगे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने यात्रियों से आग्रह किया है कि यात्री अधिक से अधिक डिजिटल भुगतान को अपनाकर रेलवे की इस नवीन पहल का लाभ उठाएं और रेलवे को अधिक स्मार्ट और सुविधाजनक बनाने में सहयोग करें। इन मशीनों से इन माध्यमों से टिकट बुक कर टिकट काउंटर में लगने वाली लाइन से निजात पाएं और अपना कीमती समय बचाकर सुहाने सफर का लाभ उठाएं।

हरिभूमि सरोकार

- डीआरएम ने 5 नए मोबाइल यूटीएस टिकटिंग मशीनें स्टेशन टीटीई स्टाफ को सौंपी, यात्रियों को टिकट काउंटर की लंबी लाइन से मिलेगी राहत

स्टेशन पर डीआरएम ने सेवा का किया शुभारंभ : स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक दयानंद द्वारा मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा का शुभारंभ किया गया। डीआरएम ने 5 नए मोबाइल यूटीएस टिकटिंग मशीन टीटीई स्टाफ को सौंपी। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि यह मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा रायपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं की कड़ी में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे स्टेशन के यात्रियों को यात्रा के दौरान तत्काल टिकट प्राप्त करने में आसानी होगी। इसी तरह आने वाले समय में इन मशीनों की संख्या में और इजाफा किया जाएगा। साथ ही यात्रियों के लिए लगातार रेलवे की ओर से आधुनिक सुविधाओं में बढ़ोतरी की जा रही है। स्टेशन पर मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा से अब टीटीई यात्रियों के लिए सीधे मोबाइल से टिकट बना सकेंगे। इससे टिकट काउंटर पर लंबी कतारों से राहत मिलेगी। इससे यात्रियों का सफ़र सुविधाजनक बनेगा।

डाग बाइट की घटना घटी, निगम बेसुध

आवारा कुत्तों ने उनके बेटे विवेक यादव को नोचकर जख्मी कर दिया

आवारा कुत्ते से बचाने गए छोटे भाई पर भी किया था हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मोवा इलाके में मंगलवार सुबह आवारा कुत्ते के हमले से घायल मासूम विवेक यादव को बचाने गए उसके छोटे भाई पर भी खूंखार कुत्तों ने हमला किया था। पिता रामेश्वर यादव अपने दोनों बच्चों को लेकर सुबह बाजार जा रहे थे, तभी घटना हुई।। इस दौरान पहले विवेक को आवारा कुत्ते ने काटा, दूसरे भाई ने किसी तरह उसे भगाया। इस दौरान छोटे भाई पर आवारा कुत्ते ने हमला किया।

दरअसल, बलौदाबाजार के ग्राम लटेवा के रहने वाले रामेश्वर यादव पिछले पांच साल से अपने परिवार के साथ रोजी-मजूरी करने रायपुर आए हैं। वे डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड के मोवा स्थित राममंदिर पुरानी बस्ती के पास किराये के मकान में रहते हैं। मंगलवार सुबह वे अपने दो बच्चों के साथ बाजार जाने निकले थे, तभी अचानक आवारा कुत्तों ने उनके बेटे विवेक यादव को नोचकर जख्मी कर दिया।

इस गरीब परिवार का हालचाल जानने अब तक न तो नगर निगम के अधिकारी आए, न ही क्षेत्र के जन -प्रतिनिधि। यहां तक कि संबंधित जोन के अधिकारी भी भुक्तभोगी परिवार के बीच नहीं पहुंचे हैं। 5 वर्षीय बालक विवेक यादव के गाल, हाथ और पीठ वाले हिस्से को आवारा कुत्ते ने हमला कर जगह - जगह-जगह से नोचा है। प्रभावित परिवार ने हरिभूमि को बताया कि जिला अस्पताल वालों ने रेबीज टीके का दूसरा डोज लगाने 28 अगस्त को अस्पताल बुलाया है। इसी तरह 1 सितंबर को तीसरा डोज और 2 सितंबर को रेबीज का चौथा डोज लगवाने के लिए आने कहा है।

निगम ने अब तक नहीं ली सुध

- समाचार पढ़कर भुक्तभोगी पिता से मिलने पहुंचे पार्षद आकाश तिवारी, कहा- कठोर कदम उठाने की जरूरत

जल्द शुरू होगा डॉग शेल्टर

मोवा क्षेत्र में हुई डॉग बाइट की घटना वाकई चिंतनीय है। सोनडोंगरी में नवनिर्मित डॉग शेल्टर को जल्द शुरू किया जाएगा। आवारा कुत्तों की धरपकड़ कर सर्जरी करने वाली टीम को बढ़ाएंगे, ताकि डाग बाइट की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

- **मीनल चौबे,** महापौर, नगर निगम रायपुर

यादव परिवार के बीच पहुंचे आकाश तिवारी

बुधवार को इस घटना की खबर समाचार पत्र में पढ़ने के तत्काल बाद नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी यादव परिवार से मिलने पहुंचे और प्रभावित परिवार के बच्चे का दर्द बांटने का प्रयास किया। साथ ही जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही कराने की बात कही। आकाश तिवारी ने परिवार वालों से पूछा कि क्या अभी तक नगर निगम से कोई उनके पास पहुंचा है? जवाब मिला कोई भी हमसे मिलने नहीं आया, न ही बच्चे का हालचाल पूछा। आकाश तिवारी ने कहा कि इतनी बड़ी घटना हो गई और निगम प्रशासन ने सुध तक नहीं ली, यह समझ से परे है। गरीब परिवार के साथ हुई घटना को लेकर दलगत राजनीति से उठकर सोचने की जरूरत है। इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सामूहिक प्रयास करना होगा। आकाश तिवारी ने पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया है, उनको किसी भी प्रकार की सहायता की जरूरत है, तो वे उसके लिए हमेशा हरसंभव मदद के लिए तैयार हैं।

निदान 1100 में आवारा कुत्तों की शिकायत, 15 को पकड़ा, कराई सर्जरी

- मोवा, अवंतिविहार कोटा, शंकरनगर चंगोराभाठा से मिली शिकायत

रायपुर। मोवा क्षेत्र में मंगलवार को 5 वर्षीय बालक विवेक यादव पर आवारा कुत्तों के हमले की खबर के बाद नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम हरकत में आई है। जन शिकायत की ऑनलाइन प्रणाली निदान 1100 में मोवा, अंवतिविहार, शंकरनगर, चंगोराभाठा क्षेत्र से आवारा कुत्तों को पकड़ने लोगों ने शिकायत की। शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने डॉग केचर भेजकर 15 आवारा कुत्तों की इन क्षेत्रों में धरपकड़ की। पकड़े गए कुत्तों को डॉग केचर वाहन की सहायता से शासकीय पशु चिकित्सालय बैरनबाजार ले जाया गया, जहां पशु चिकित्सकों के मार्गदर्शन में उनकी सर्जरी कराई गई। शहर में आवारा कुत्तों से परेशान लोगों ने अब अलग-अलग इलाकों से फोन कर ऑनलाइन शिकायत करनी शुरू कर दी है। पिछले 1 माह में शहरभर से 611 शिकायतें लोगों ने निदान 1100 में आवारा कुत्तों को पकड़ने की है। इसमें 431 शिकायतों का समय रहते निराकरण हुआ, वहीं 161 शिकायतें ऐसी भी रहीं, जिसमें शिकायतकर्ता को समय पर रिस्पांस नहीं मिला। 16 स्पॉट पर स्वास्थ्य विभाग के डॉग केचर की टीम आज तक कुत्ता पकड़ने नहीं पहुंच पाई।

निगम के को-वर्किंग स्पेस में होगा स्टार्टअप फाउंडर्स मीट-अप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- सुमित श्रीवास्तव होंगे मुख्य वक्ता

राजधानी रायपुर में स्टार्टअप ईको सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए रायपुर नगर निगम और बिजनेस गृह के संयुक्त तत्वावधान में स्टार्टअप फाउंडर्स मीट-अप का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 6 सितंबर को शाम 4 से 6 बजे तक संचालित होगा। भाठागांव के इंटर स्टेट बस टर्मिनल परिसर स्थित नगर निगम के को-वर्किंग स्पेस सेंटर में कार्यक्रम आयोजित है। इस कार्यक्रम में देश के जाने-माने स्टार्टअप विशेषज्ञ और स्टार्टअप चौपाल के फाउंडर सुमित श्रीवास्तव मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। वे स्टार्टअप जगत में कई शुरुआती उद्यमियों को निवेश और मार्गदर्शन प्रदान कर चुके हैं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सफल स्टार्टअप की नींव कैसे रखें, उद्यमियों के लिए फंडिंग और निवेश के अवसर तथा टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्टार्टअप्स की संभावनाएं विषय की सारगर्भित जानकारी दी जाएगी।

नरेन्द्र मोदी विचार मंच छत्तीसगढ़ की बैठक हुई

रायपुर। राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण फोरम नरेन्द्र मोदी विचार मंच का 26 अगस्त को रावाभाठा में बैठक आयोजित की गई। जहां प्रदेश अध्यक्ष पदमा चन्द्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि नरेन्द्र मोदी विचार मंच में 28 प्रकोष्ठ है और जल्द हीं सभी जिले के कार्यकारणी का गठन कर लिया जाएगा। साथ ही बैठक में अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। इस बैठक के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कुन्दन शर्मा, मोनू भाटी, मनोहर साहू, अश्वनी पटेल, सुभाष तिवारी, प्रतिभा पाण्डेय, कन्हैया पटनिहा, नीरज पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

विभागीय चेतावनी के बाद उग्र हुए हड़ताली राजधानी में बड़े धरना-प्रदर्शन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वास्थ्य संचालनालय के अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की मिली चेतावनी के बाद एनएचएम के कर्मचारी आक्रोशित हो गए हैं। उनके द्वारा राजधानी में उग्र प्रदर्शन की तैयारी की जाएगी। अपने अनोखे अंदाज में हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने पीपीई किट पहन भीख मांगकर प्रदर्शन किया।

एनएचएम के कर्मचारियों का कहना है कि सरकार उनकी 10 में से 5 मांगें पूरी होने का दावा कर रही है, लेकिन अब तक कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री को गुमराह किया और मंत्री ने बिना किसी आदेश के गलत बयान दिया है। संघ इस धोखे के विरोध में आंदोलन को और उग्र करने की तैयारी में है। पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक 10 सूत्रीय मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं होता उनका आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। उनके हड़ताल की वजह से शासकीय अस्पतालों के ताले लगे हुए हैं। दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक मरीज इलाज के लिए भटक रहे हैं।

अस्पतालों में भीड़ बढ़ रही है और जीवन दीप समिति के कर्मचारियों पर ड्यूटी का दबाव डाला जा रहा है, जो बिना उचित प्रशिक्षण के केवल सहयोगी भूमिका निभाते हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी और प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने कहा कि 20 माह के कार्यकाल में 150 से अधिक बार आवेदन और निवेदन देने के बावजूद, सरकार ने नियमितीकरण, ग्रेड पे और लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि जैसी फाइलों को रोककर रखा है।

- पीपीई किट पहनकर किया प्रदर्शन
- 10 सूत्रीय मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं होता उनका आंदोलन अनवरत जारी रहेगा
- 20 माह के कार्यकाल में 150 से अधिक बार आवेदन और निवेदन देने के बावजूद, सरकार ने नियमितीकरण, ग्रेड पे और लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि जैसी फाइलों को रोककर रखा है

डेढ़ करोड़ का गार्डन बनकर तैयार, सितंबर से लोगों को मिलेगी मनोरंजन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आरटीओ ऑफिस के पास बिरगांव निगम क्षेत्र में पहला गार्डन बनकर तैयार है। सितंबर में रावांभाठा, कैलाश नगर, बंजारी नगर और डीएम टॉवर जैसी पॉश कॉलोनी में रहने वाले लोगों को भी गार्डन में मॉर्निंग वॉक और मनोरंजन की नई सुविधा मिलने वाली है। इस गार्डन का रखरखाव और संचालन करने के लिए निगम ने जिम्मेदारी तय करने का निर्णय लिया है। इस तरह की व्यवस्था लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए है।रावांभाठा क्षेत्र के लोगों को मनोरंजन की नई सुविधा देने की कवायद अब रंग लाने वाली है। इस सुविधा के लिए निगम ने शासन से मंजूरी मिलते ही निर्माण एजेंसी से काम शुरू करवाया था। आरटीओ कार्यालय के पास 1.56 करोड़ में लोगों को मॉर्निंग वॉक की नई सुविधा देने के लिए प्रस्तावित गार्डन बनकर तैयार है। एजेंसी ने जमीन समतल करने के बाद काम शुरू किया और तय समय पर इस प्रोजेक्ट को पूरा किया है। इसके चलते हर्षित विहार क्षेत्र के लोगों को भी मनोरंजन की सुविधा के लिए अब इंतजार नहीं करना पड़ेगा। गार्डन के आसपास खान-पान के लिए स्पाट विकसित होगा। इससे परिवार के साथ घूमने आने वाले लोगों को बेहतर माहौल मिलेगा। गार्डन को उपद्रवी तत्वों से बचाने के लिए सुरक्षा इंतजाम भी किए जाएंगे।

हरियाली के लिए निगम ने रोपे पौधे

निगम ने जिस स्थान पर गार्डन विकसित किया है, वहां हरियाली के लिए पेड़-पौधे भी रोपे गए हैं। बरसात में विभिन्न तरह के पौधे रोपने से अब हरियाली भी बिखरने लगी है। काली मिट्टी डालने का काम पूर्व में किया गया था। सालभर पहले रोपे गए सैकड़ों पौधे अब आकार लेने लगे हैं। आगामी महीने में घूमने-फिरने की सुविधा देने की तैयारी है। सुबह गार्डन में पहुंचने वालों के लिए पाथवे निर्माण और योगाभ्यास के लिए योग स्थल भी बनवाया गया है। यहां सुबह और शाम को घूमने पहुंचने वाले लोगों को सेहत बनाने के लिए नई सुविधा मिलने वाली है।

हरिभूमि सरोकार

- बिरगांव निगम क्षेत्र की जनता को सितंबर में आरटीओं कार्यालय के पास मिलेगी सौगात

जल्द लोगों को मिलेगी नई सुविधा

गार्डन का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। इसका उद्घाटन करने के लिए डिप्टी सीएम अरुण साव और ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू से समय मिलने पर आगे की प्रक्रिया करेंगे। गार्डन की देखभाल करने के लिए वहां कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई जाएगी।

- **नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम, बिरगांव

पहले गार्डन में मिलेगी यह सुविधा

ट्रांसपोर्ट नगर में लोगों की मांग पर निगम ने गार्डन बनवाने की प्रक्रिया शुरू की थी। गार्डन बनाने से पहले बाउंड्री बनाने के बाद आने-जाने के लिए दो आकर्षक गेट बनाए गए हैं। इसके बाद गार्डन में पौधा रोपण, पेवर, घूमने आने वाले लोगों के लिए बैठक व्यवस्था की गई है। स्ट्रीट लाइट का काम भी कुछ दिनों में एजेंसी को पूरा करने कहा गया है। गार्डन को निगम ने समय पर पूरा करने का प्रयास किया। निगम सूत्रों ने बताया कि डिप्टी सीएम एवं विभागीय मंत्री अरुण साव से उद्घाटन के लिए समय मिलते ही सितंबर में लोगों को नई सुविधा मिलेगी।

आउटर वार्ड के नए इलाकों में शुरू होगा डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन, रामकी ने 10 नई गाड़ियों का दिया आर्डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के आउटर स्थित वार्डों में तेजी से हो रहे नए निर्माण और आवासीय कालोनी से नगर निगम डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था देगा। इसके लिए शहर की सफाई का ठेका लेने वाली रामकी एजेंसी आउटर इलाके का सर्वे करा रही है। इसकी रिपोर्ट 15 सितंबर तक प्राप्त होगी। रामकी कंपनी ने नए इलाकों में डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन करने 10 नई गाड़ियां खरीदने आर्डर दिया है। इससे न केवल शहर के आउटर वार्ड में सफाई का दायरा बढ़ेगा, साथ ही यूजर चार्ज के रूप में नगर निगम को अतिरिक्त आय मिलने लगेगी।

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में निकलने वाले कूड़ा के डोर टू डोर कलेक्शन, परिवहन और सकरी स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में वैज्ञानिक तरीके कचरे का निष्पादन करने वाली अनुबंधित एजेंसी रामकी अब आउटर में तेजी से बन रही कालोनी, रहवासी इलाकों का सर्वे करा रही है। एक महीने से चल रहे सर्वे की रिपोर्ट 15 सितंबर तक मिलेगी।

रामकी के सिटी हेड योगेश कुमार ने हरिभूमि को बताया कि आउटर के इलाकों में सफाई का दायरा बढ़ाने महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नए इलाकों का सर्वे कराया जा रहा है। इन इलाकों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य के लिए 10 अतिरिक्त सफाई वाहन की जरूरत होगी। इसके लिए 10 नई गाड़ियों का आर्डर दिया है।

- ठेका एजेंसी करा रही सर्वे, 15 सितंबर तक आएगी रिपोर्ट
- निगम को यूजर चार्ज से होगी अतिरिक्त आय

शहरभर में 256 सफाई वाहन, रोज निकल रहा 570 मीट्रिक टन कचरा

वर्तमान में नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्डों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए रामकी एजेंसी ने 256 सफाई वाहन की व्यवस्था की है। इसके अलावा 35 गाड़ियां रिजर्व के रूप में सुरक्षित रखी गई हैं। ठेका एजेंसी प्रतिदिन शहरभर से 570 मीट्रिक टन सूखा और गीला कचरा कलेक्शन कर सकरी स्थित लैंडफिल साइट पहुंचाती है। इसके अलावा नवा रायपुर से भी रोजाना 12 टन कूड़ा वहां की गाड़ियों में भरकर रामकी के पास पहुंच रहा है। आने वाले दिनों में शहर के आउटर इलाके से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किए जाने पर शहरभर से निकलने वाले गीला और सूखा कचरा की मात्रा और अधिक बढ़ेगी।

आरबीआई की ब्याज दर कटौती का लाभ व्यापार और उद्योग वर्ग तक पहुंचाने किया अनुरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कैट के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी के नेतृत्व में बुधवार को वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने श्री चौधरी से आरबीआई की ब्याज दर कटौती का लाभ व्यापार एवं उद्योग वर्ग तक त्वरित पहुंचाने के लिए अनुरोध किया।

श्री पारवानी ने बताया, वित्तमंत्री ओपी. चौधरी से मुलाकात कर पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पिछले कुछ महीनों में रेपो रेट में कुल 1 प्रतिशत यानी 100 बेसिस पाइंट की कमी की गई है। इन कदमों का उद्देश्य ऋण लेने की लागत को कम करना था, पर बैंकों ने अब तक इन लाभों को व्यापार एवं उद्योग को ब्याज दरों में कटौती के रूप में पूर्ण लाभ प्रदान नहीं किया है। नकद आरक्षित अनुपात में 1 फीसदी की कमी से बैंकिंग प्रणाली में करीब 2.50 लाख करोड़ की अतिरिक्त तरलता आई है। इस तरलता का लाभ भी व्यापार एवं उद्योग तक पहुंचना चाहिए था, किंतु ऋण ब्याज दरों में इसका कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। अमर पारवानी ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से कहा है, हमें विश्वास है कि आपके त्वरित हस्तक्षेप से न केवल व्यापारी वर्ग को राहत मिलेगी, बल्कि प्रदेश की जीडीपी, व्यापार विस्तार एवं रोजगार सृजन में भी तेजी आएगी।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा

सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- हर्निया व अंडकोष का ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- पुरुष एवं महिला नसबंदी ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी उपलब्ध
विशेषता :
- छोटे चीरे द्वारा ऑपरेशन
- कम समय में अस्पताल से छुट्टी
- कम रक्तस्राव व कम दर्द वाला ऑपरेशन
- संक्रमण की न्यूनतम संभावना
- कम खर्च

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान/राशन कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100 बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध

खबर संक्षेप

घरों व पंडालों में विराजे गणपति बप्पा

नर्रा। क्षेत्र के गांवों में गणेश चतुर्थी बुधवार को गणेशोत्सव की धूम रही। घर-घर और चौक-चौराहों पर पंडालों में छोटे बड़े गणपति बप्पा की मूर्ति स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।

नया खानी पर्व मनाया

भोण्ड। बस्तर अंचल में नया खानी पर्व की पारंपरिक छटा लोकसंस्कृति की सुगंध से सराबोर ग्रामीण महिलाएं, मिट्टी के हस्तनिर्मित खिलौने खरीदते हुए बच्चों की परंपरा से जुड़ाव को संजोतीं हुई।

दण्डाधिकारी जांच के लिए उपस्थित होने की सूचना

बीजापुर। जिले के थाना गंगालूर के क्षेत्रांतर्गत घटना 6 अगस्त को ग्राम लेण्ड्रा इतावर के जंगल पहाड़ में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड़ की घटना घटित हुई है। जिसमें पुलिस और नक्सलियों के बीच फायरिंग हुई। फायरिंग रूकने के बाद सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए घटना स्थल का बारिकी से सर्च किया गया। सर्चिंग के दौरान घटना स्थल पर एक अज्ञात पुरूष माओवादी का शव मिला। शव के पास से विस्फोटक सामग्री, नक्सली वर्दी साहित्य, दवाई बरामद किया गया है। इस घटना के संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की जानकारी हो तो 11 सितम्बर तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी बीजापुर में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकतें हैं।

1 सितम्बर से प्रस्तावित हड़ताल स्थगित

जगदलपुर। 1 सितम्बर से प्रस्तावित हड़ताल के संबंध में आज 28 अगस्त को जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पदोन्नति आदेशों के संदर्भ में चर्चा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि 15 सितम्बर की डेडलाइन तक संबंधित कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश जारी कर दिए जाएंगे। इस सकारात्मक आश्वासन को देखते हुए संघ ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि 15 सितम्बर तक के लिए प्रस्तावित हड़ताल को स्थगित किया गया है। यदि निर्धारित तिथि तक आश्वासन के अनुरूप कार्यवाही नहीं होती है. तो संघ आगे की रणनीति तय करेगा और पुनः हड़ताल पर जाने का निर्णय ले सकता है।

बिरकोनी में विराजित विभिन्न गणेश प्रतिमाएं

यंग स्टार गणेशोत्सव समिति अछरीडीह

रामजानकी चौक-बिरकोनी



कुम्हार पारा बड़गांव

साहू पारा बिरकोनी



बालाजी गणेशोत्सव समिति बरबरसपुर

बिरकोनी। ग्राम बिरकोनी के चौक-चौराहों में गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई है। पंडालों में लाइटिंग व सजावट लोगों को लुभा रही है। झांकी में बच्चे वाटर देखकर उत्साहित हो रहे है। वहीं रंगारंग कार्यक्रम के साथ धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। शाम को भक्त एकत्रित होकर कार्यक्रम का आनंद ले रहे हैं। प्रसाद में मोदक लड्डू वितरण किया गया। संध्या पूजा आरती से पहले बच्चे हार सजाकर आरती की थाली लेकर पंडालों में पहुंचते रहे।

पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखकर महिलाओं ने की शिव-पार्वती की विशेष पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिरकोनी

ग्राम अछरीडीह में हरितालिका तीज का पर्व परंपरा अनुसार श्रद्धापूर्वक मनाया। सुहागिन महिलाओं ने उपवास रखकर सुबह से तीज माता की पूजा कर कथा श्रवण के बाद माता से अमर सुहाग की कामना की। शिव मंदिरों में देव दर्शन को लेकर दिनभर महिलाओं की भीड़ रही। सुहागिन महिलाओं ने अपने सुहाग की रक्षा के लिए तीज माता का दिनभर व्रत रखा। शाम के समय देवदर्शन कर मंगल गीत गाते हुए प्रसाद के रूप में आटे से निर्मित मैदा, बेसन, फल व मिठाइयों से तीज माता को भोग लगाकर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। महिलाएं

अपने सुहाग के दीर्घायु की कामना के साथ निराहार और निर्जला रहकर चौबीस घंटे का व्रत रखकर शिव-पार्वती की पूजा में शामिल हुए। कथा में बताया कि यह व्रत सनातन काल से चला आ रहा है, जो अखंड सौभाग्य का रक्षक है। इस दिन विधि विधान से व्रत रखने, शिव-पार्वती की पूजा अर्चना कर उनकी कथा सुनने से अखंड सौभाग्य प्राप्त होता है। हरियाली तीज का पर्व हिन्दू धर्म में मानने वाली महिलाओं के लिए बेहद खास है। तीज पर्व को भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन की याद में मनाया जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए दिन-भर व्रत-उपवास रखती हैं। यही नहीं अच्छे पति की कामना के लिए अविवाहित लड़कियां भी इस व्रत को रखती हैं।

तीजा-पोरा उत्सव समारोह में विजेताओं को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम अछोली के रामायण चौक में युवा उत्सव समिति के तत्वावधान में तीजा-पोरा, उत्सव समारोह मटकी फोड़, खो-खो, कुर्सी दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की की गई।

मटकी फोड़ में प्रथम चमेली साहू, कुर्सी दौड़ में पूनम साहू, दूसरा शारदा (डेरहीन साहू), तीसरा खिलेश्वरी साहू रही। खो-खो में पूनम साहू की टीम प्रथम, शारदा (डेरहीन साहू) की टीम द्वितीय रही। इन विजेताओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। पूनम साहू ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह कार्यक्रम हमें अपने बचपन की याद दिलाती है। कबड्डी, मटकी फोड़, खो-खो हम लोग स्कूल टाइम में अपने गांव में रहकर खेला करती थी। आज यह यादें ताजा हो गई है। शारदा ने आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में संतोष साहू, विष्णु साहू, गोवर्धन साहू, मन्नू साहू, खिलेश्वर साहू, कमलेश साहू, मोहन साहू, पुष्कर साहू, नीलकंठ साहू आदि का सहयोग रहा।

जिला स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव में दिखाई प्रतिभा

महासमुंद। सरस्वती शिशु मंदिर पटेवा के विद्यार्थियों ने नरतोरा में आयोजित जिला स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। खो-खो बाल वर्ग छात्राओं का प्रथम स्थान, विज्ञान प्रदर्श बाल वर्ग में युगीता दीवान, रागिनी ध्रुव एवं मीनराज गजेंद्र, शिशु वर्ग में लुकेश दीवान, गिरीश का प्रथम स्थान रहा। स्वरचित कविता बाल वर्ग में खुशी विश्वास, शिशु वर्ग में मेघा प्रथम, शास्त्री नृत्य में शिशु वर्ग में सोनाक्षी निर्मलकर का प्रथम, बाल वर्ग निबंध प्रतियोगिता में ईशा साहू प्रथम रहे। बाल वर्ग कबड्डी में बालकों का दूसरा स्थान व गीतापाठ में त्रिपति ध्रुव का दूसरा स्थान रहा। निर्णायक के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य मायाराम ध्रुव, संरक्षक के रुप में आचार्य तिलकचंद साहू, रेवती यादव, दीपशिखा निर्मलकर, ममता ध्रुव रहे।

आकर्षक गणेश प्रतिमा...

महासमुंद। शहर के शंकर नगर वार्ड क्रमांक 1 में बाल गणेश पूजा उत्सव समिति द्वारा विराजित आकर्षक गणेश प्रतिमाएं।

किचन गार्डन का निर्माण करना सीख रहे हैं केवी के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में विद्यार्थी किचन गार्डन का निर्माण करना सीख रहे है। पीएमश्री स्कूल योजना के अंतर्गत किचन गार्डन का निर्माण किया गया है। विद्यालय के शिक्षक जेके चंद्राकर ने बीज बोने के पूर्व आवश्यक तैयारियों के बारे में जानकारी प्रदान किया। प्राचार्य संजय कंसल ने बताया कि किचन गार्डन का निर्माण करने से बहुत से फायदे होते है। किचन गार्डन से ताज़ी और पौष्टिक सबज़ियां, स्वच्छ और सुरक्षित भोजन प्राप्त होता है। रसोई का बचा पानी और जैविक कचरा खाद बनाने में काम आता है।

पौधे ऑक्सीजन देते हैं और आसपास की हवा शुद्ध करते हैं। बच्चों को प्रकृति, पौधों और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में सीखने का अवसर मिलता है। किचन गार्डन में भिंडी, बैगन, मिर्च, बरबट्टी उगाया गया है। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को इसके बारे जानकारी प्रदान की जा रही है। विद्यालय के शिक्षक ओमप्रकाश चंद्राकर, जेके चंद्राकर, नीलमाधव सिंह और कर्मचारी रिखी चंद्राकर निरंतर किचन गार्डन निर्माण में सहयोग प्रदान कर रहे है।

नर-नारी धान बीज उत्पादन के नाम पर किसानों से ठगी, लगाई न्याय की गुहार, थाने में शिकायत

बोइरगांव (कोमाखान)। कावेरी सीड्स कंपनी अतंर्गत नर-नारी धान बीज उत्पादन पर किसानों से ठगी का मामला सामने आया है। किसानों द्वारा बताया गया है कि कावेरी सीड्स कंपनी अंतर्गत परमानंद साहू पिता थानसिंग साहू ग्राम पीपरछेड़ी पोस्ट तरसींवा थाना अर्जुनी जिला धमतरी का निवासी है, जो कि कावेरी सीड्स कंपनी के प्रतिनिधि के रुप में किसानों के पास आकर रबी सीजन 2024-2025 में खेत रेगहा अनुबंध नर-नारी धान बीज उत्पादन के लिए फसल लगवाया गया गया था। फसल लगाने से पहले प्रति एकड़ 25000 रुपए के हिसाब से फसल कटाई के तुरंत बाद भुगतान करने का बात तय हुआ था। जबकि, फसल कटाई मई माह

में पूर्ण हो चुका है। उत्पादित धान बीज को लेकर भी चला गया। हम लोगों से हमारा बैंक एकाउंट नंबर लेकर गया कि इन खातों में पैसा डाल दिया जाएगा, लेकिन आज तक खाता में पैसा नहीं डाला गया है। 01 अगस्त 2025 को सभी किसानों ने उसके गांव पीपरछेड़ी जाने का फैसला किया और उसको फ़ोन से संपर्क करने पर कोई जवाब नहीं दिया। तत्पश्चात अर्जुनी थाना जिला धमतरी में जाकर किसानों द्वारा निवेदन करने पर टीआई ने उससे संपर्क किया। पश्चात वह थाने में उपस्थित हुआ तथा निवेदन किया कि 20 अगस्त 2025 को पैसा का भुगतान कर देंगे। लेकिन, अभी तक खातों में पैसा नहीं डाला गया है और न ही उसके द्वारा पुनः फोन कॉल का जवाब नहीं दिया जा रहा है। इससे किसान बहुत परेशान है। किसान पुष्कर चंद्राकर 25 एकड़, मनीष चंद्राकर 15 एकड़, संजय चंद्राकर 12 एकड़, रमेश साहू 2 एकड़, रामशरण टांडे 3 एकड़, ऋषि पटेल 3 एकड़, मोहिनी घृतलहरे 3 एकड़, नटवर साहू 5 एकड़। इन सबका पैसे के इंतजार में महीना बीत गए, लेकिन पैसे का कोई पता ही नहीं है। ऐसे में किसानों द्वारा रिपोर्ट पुलिस थाना बागबाहरा में लिखाई गई। किसानों ने थाना प्रभारी से निवेदन किया है कि तत्काल पैसा दिलाया जाए। इस दौरान पुष्कर चंद्राकर बोड़रीदादर, मनीष चंद्राकर, संजय चंद्राकर खोपली, रमेश साहू खोपली, रामशरण तांडे खोपली, ऋषि पटेल खोपली, मोहिनी घृतलहरे खोपली, नटवर साहू खोपली आदि किसानों ने उचित न्याय की गुहार लगाई है।

नुवाखाई पर्व पर उत्कल समाज के लोगों के घर पहुंचे विधायक

महासमुंद। गुरुवार को नुआखाई के उपलक्ष्य में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शहर के उत्कल समाज के सदस्यों के घर जाकर पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समाज के लोगों ने विधायक का स्वागत, अभिनंदन किया एवं उन्हें भी पर्व की बधाई दी। उन्होंने नुआखाई का प्रसाद भी ग्रहण किया। वहीं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका के निवास भी पहुंचे और उन्हें भी परिवार सहित पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर विधायक सिन्हा ने कहा कि नुआखाई पर्व ओडिशा के साथ साथ हमारे राज्य में भी कई क्षेत्रों में मनाया जाता है। यह पर्व प्रकृति एवं अपने इष्टदेव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का प्रतीक होता है। नए फसल को देवताओं को अर्पित किया जाता है। इसके अलावा यह पर्व सामाजिक सद्भाव, पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने और अपनी जड़ों से जुड़ाव का प्रतीक है। यह न केवल उत्कल समाज

अपितु सभी का पर्व है। हमारा देश त्यौहारों का देश है, हर राज्य में अलग अलग परंपराओं से संबंधित त्यौहार मनाए जाते हैं। लेकिन, त्यौहार का उद्देश्य आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना भी है। इसलिए हमें सभी के पर्व में शामिल होकर उनकी खुशियों में सहभागी बनना चाहिए।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, मंडल उपाध्यक्ष मुन्ना साहू, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वरिष्ठ नेता संदीप घोष, विधायक प्रतिनिधि संतोष राजू साहू, गोविंद ठाकुर, शरद राव, किनारी नायक, राजेश्वर राय, परखित हरपाल, गौरहरि तांडी, बलराम तांडी, विनोद बाघ, जितेन नायक, राजू सिका, सुदर्शन सिका, गोकुल तांडी, युवराज महानंद, जयदेव दीप, कपिल देव, माधवी सिका, निशा नायक, बूंदा महानंद, बेलमती नायक, शांताबाई सहित अन्य उपस्थित थें।

खबर संक्षेप

बिरकोनी में श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा गणपति उत्सव

बिरकोनी। 10 दिवसीय गणेशोत्सव में दिनभर प्रथम पूजनीय के भजन गूंज रहे हैं। गणपति उत्सव श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। पंडाल के अलावा घरों में भी विराजित गणपति की भक्ति में श्रद्धालुजन लीन है। परिवार के साथ श्रद्धालु भाग्य विधाता गणपति महाराज की स्तुति कर रहे है। पंडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर गणेश की वंदना कर रहे है। जिससे पूरा वातावरण गणेश उत्सव हो गया है। गणेश चतुर्थी से प्रारंभ होकर 10 दिनों तक अनंत चतुर्दशी के दिन गणपति विसर्जन होगा। ग्राम के अनेक स्थानों पर एक से बढ़कर एक सुंदर आकृति और आकार की गणेश प्रतिमाएं विराजित की गई है। पंडालों में आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई है।

महासमुंद। साई चौक खरोरा में भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित।

खरोरा में गणेश प्रतिमा की स्थापना

महासमुंद। ग्राम खरोरा के गुड़ी चौक में भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की गई है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि गणेश चतुर्थी का पर्व मुख्य रूप से भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन गणेश जी का प्राकट्य हुआ था। गणेश चतुर्थी की पूजा की अवधि अनंत चतुर्दशी तक चलती है। धर्म में गणेश चतुर्थी का खास महत्व होता है। इस त्योहार को भगवान गणेश के भक्त बड़ी ही धूम-धाम से मनाते हैं और बप्पा को भी लोगों ने अपने घर में भी स्थापित करते हैं।

12 को रोजगार मेला, 2000 पदों पर होगी भर्ती

महासमुंद। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र महासमुंद द्वारा शिक्षित स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 सितम्बर 2025 को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। यह मेला शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, फील्ड ऑफिसर, मार्केटिंग, बीमा एजेंट, बीमा सखी, बैंक एजेंट, ग्रामीण बैंक मित्र, बैंक रिलेशनशिप मैनेजर, टेक्नीशियन, इलेक्ट्रिकल फिटर सहित विभिन्न पदों के लिए लगभग 2000 रिक्तियों पर भर्ती की जाएगी।

निधन

चंद्रशेखर चंद्राकर

महासमुंद। बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम

खुसरूपाली निवासी चंद्रशेखर चंद्राकर (बल्लू) का गुरुवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 अगस्त को दोपहर 12 बजे ग्राम खुसरूपाली (खल्लारी) में किया गया।

आयोजन : चेन्नई के मदर टेरेसा हॉल में आयोजन, छत्तीसगढ़ के 7 जिलों के 11 छात्र-छात्राएं शामिल

साइंटिस्ट इंडिया कार्यक्रम में छात्रों का प्रोजेक्ट प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्पेस किड्ज इंडिया के यंग साइंटिस्ट इंडिया (वायएसआई) कार्यक्रम 2025 का आयोजन जो भारत सरकार के प्रिंसिपल साइंटिफिक एडवाइज़र के कार्यालय-मंथन एवं अटल इनोवेशन मिशन नीति आयोग के सहयोग से संचालित हो रहा है। यंग साइंटिस्ट इंडिया कार्यक्रम का यह 11वां संस्करण 28 अगस्त को चेन्नई के मदर टेरेसा हॉल में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ से 7 जिलों के 11 छात्र-छात्राएं जिसमें महासमुंद जिला के 3 बालिका एवं 2 बालक एवं 2 गाइड शिक्षक के साथ इस कार्यक्रम के हिस्सा है।

शासकीय आशी बाई गोलछा विद्यालय से डिगेश सेन, दुर्गेश साहू, हिमांशी टंडन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांजर से यामिनी साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा से मेघना चंद्राकर अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन विभन्न थीम के आधार पर करेंगे। विद्यार्थियों के मार्गदर्शक शिक्षक चंद्रशेखर मिथलेश एवं भोलाराम निर्मलकर कार्यक्रम में बच्चों के साथ उपस्थित है। यंग साइंटिस्ट इंडिया एक राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख प्रतियोगिता है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना एवं शोधोन्मुखी दृष्टिकोण विकसित करना है।

यह कार्यक्रम युवा विचारों को अपने अभिनव प्रोजेक्ट द्वारा प्रस्तुत करने, कार्यशालाओं में भाग लेने तथा अग्रणी वैज्ञानिक संस्थाओं के विशेषज्ञों से संवाद करने का एक सशक्त मंच प्रदान करता है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर डीईओ महासमुंद विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक सतीश नायर, नंदकुमार सिन्हा, बीईओ महासमुंद लीलाधर सिन्हा, बीईओ बागबाहरा केके वर्मा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, प्राचार्य जीआर सिन्हा शासकीय आशी बाई गोलछा, प्राचार्य शोभा सिंहदेव बेलसोंडा, प्राचार्य हरक राम दीवान गांजर, प्राचार्य हिंदी सेजस हेमेंद्र आचार्य, जिला विज्ञान परिषद जगदीश सिन्हा, शाला विकास समिति अध्यक्ष संदीप दीवान, रुपेश कुमार साहू गांजर एवं समस्त शाला परिवार ने हर्ष जताया है।

परिवहन के लिए दस्तावेज सत्यापन सिस्टम

आशी बाई गोलछा स्कूल 11वीं के छात्र हिमांशी टंडन का प्रोजेक्ट-परिवहन के लिए दस्तावेज सत्यापन सिस्टम। इसमें जब कोई वाहन टोल प्लाजा से गुजरता है, तो आरटीओ अधिकारी वाहन के दस्तावेजों जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र, बीमा, आरसी बुक आदि की जांच करते हैं। इन प्रमाण पत्रों की जांच करने में काफी समय लगता है। यह प्रोजेक्ट दस्तावेजों की डिजिटल रूप से जांच करता है, वैध दस्तावेज वाले वाहनों को पास प्रदान करता है। अवैध दस्तावेज वाले वाहनों को रोकता है तथा उन पर डिजिटल भुगतान के माध्यम से जुर्माना भी लगा सकता है। यह प्रोजेक्ट वाहनों की निगरानी और दस्तावेजों की जांच के लिए उपयोगी है।

लेग हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांजर बागबाहरा की छात्रा यामिनी साहू का प्रोजेक्ट-लेग हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम(स्मार्ट शूज)। इसमें जब पैरों द्वारा जूतों पर लगे सेंसर पर दबाव डाला जाता हैं तो सेंसर माइक्रोकंट्रोलर को सिग्नल भेजता है और माइक्रोकंट्रोलर डिस्प्ले के माध्यम से पैरों द्वारा आरोपित सामान्य या असामान्य दबाव को प्रदर्शित करता हैं। उपयोगिताः व्यक्तिगत स्वास्थ्य की निगरानी करता है। पुनर्वास-चोटों से उबरने वाले रोगियों की मदद करता हैं। खेल-एथलीटों को प्रशिक्षण के दौरान चोटों से बचने में मदद करता हैं। वृद्धजनों की गतिशीलता एवं असंतुलन के लक्षणों को पता लगाने मंद मदद करता है।

आंगनबाड़ी बच्चों का हेल्थ एवं डेली अटेंडेंस मॉनिटरिंग सिस्टम

आशी बाई गोलछा के छात्र डिगेश सेन का प्रोजेक्ट आंगनवाड़ी बच्चों का हेल्थ एवं डेली अटेंडेंस मॉनिटरिंग सिस्टम। इसमें आंगनवाड़ी में आने वाले छोटे बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी एवं उपस्थिति का सही रिकॉर्ड बनाए रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। इस प्रोजेक्ट में आईओटी एवं सेंसर तकनीक का उपयोग कर एक स्मार्ट सिस्टम विकसित किया गया है। प्रत्येक बच्चे को आरएफआईडी कार्ड प्रदान किया गया है, जिसके माध्यम से उनकी डेली अटेंडेंस दर्ज होती है। साथ ही लोड सेंसर एवं आईआर सेंसर से बच्चों का वजन व लंबाई मापी जाती है। बीएमआई के आधार पर कुपोषण की स्थिति का पता लगाया जाता है। टेंप्रेचर सेंसर बच्चों का रोजाना शरीर का तापमान रिकॉर्ड करता है, जिससे किसी बीमारी की संभावना समय पर पहचानी जा सके। यह सिस्टम मोबाइल/क्लाउड डाटाबेस पर डाटा स्टोर करता है, जिससे डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता बच्चों की प्रगति पर लगातार निगरानी रख सकते हैं। इसका लाभः बच्चों की डेली अटेंडेंस ऑटोमेटिक रिकॉर्ड होती है। वजन, लंबाई, तापमान जैसे हेल्थ पैरामीटर रोजाना रिकॉर्ड होते हैं। बीएमआई कैलकुलेशन से कुपोषण की स्थिति का पता समय पर चल जाता है।

आईओटी आधारित होम ऑटोमेशन सिस्टम

आशी बाई गोलछा के छात्र दुर्गेश साहू का प्रोजेक्ट-आईओटी आधारित होम ऑटोमेशन सिस्टम। इसमें आज के युग में ऑटोमेशन हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। घर, ऑफिस एवं इंफ्रास्ट्रक्चर को स्मार्ट बनाने के लिए आईओटी आधारित होम ऑटोमेशन सिस्टम एक बेहतरीन समाधान है। इस सिस्टम के माध्यम से उपयोगकर्ता इंटरनेट द्वारा पंखा, लाइट, कूलर, फ्रिज, एसी, सीसीटीवी आदि डिवाइस को नियंत्रित कर सकता है। इस प्रोजेक्ट में मैनुअल स्विचिंग का विकल्प भी रखा गया है। ताकि इंटरनेट या सिस्टम फेलियर की स्थिति में उपकरणों को मैन्युअली ऑपरेट किया जा सके। इसमें कैट-6 केबल का उपयोग किया गया है, जिसमें डेटा और पावर दोनों सप्लाई एक साथ होती है। यह प्रोजेक्ट वर्तमान ऑटोमेशन जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इसका लाभः मोबाइल से कहीं से भी डिवाइस नियंत्रित कर सकते हैं। ऑटोमेशन + मैनुअल स्विचिंग। केवल जरूरत पर ही उपकरणों का उपयोग। सरल इंटरफ्रेस और आसान संचालन। वायफाई में आधारित और आसानी से इंस्टॉल किया जा सकता है।

फूड प्रोसेसिंग प्रोजेक्ट

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा की छात्रा मेघना चंद्राकर का प्रोजेक्ट -फूड प्रोसेसिंग। इसमें भारत में खोयले या सूखी सब्जियां तैयार करना एक पारंपरिक और उपयोगी खाद्य संरक्षण तकनीक है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में, मौसम के अनुसार महिलाएं सब्जियों और फलों को काटकर धूप में सुखाती हैं। ताकि, उन्हें लंबे समय तक सुरक्षित रूप से संग्रहित किया जा सके। इस तकनीक का उल्लेख चरक संहिता और आयुर्वेदिक ग्रंथों में भी मिलता है, जहां बताया गया है कि धूप में सुखाने से भोजन की नमी निकल जाती है, वह कीटाणुओं और फफूंद से सुरक्षित रहता है और उसके पोषक तत्व लंबे समय तक संरक्षित रहते हैं। स्वास्थ्य लाभः नमी हटने से बैक्टीरिया और फफूंदी का विकास रुकता है। पोषक तत्व सुरक्षितः सुखाने से कुछ विटामिन कम हो सकते हैं, लेकिन खनिज और फाइबर सुरक्षित रहते हैं। मौसम से बाहर भी उपयोग संभव।कम स्थान और हल्का वजनः स्टोर करने और ले जाने में आसान।आयुर्वेदिक दृष्टिकोणः चरक संहिता में सुखाने की प्रक्रिया को खाद्य संरक्षण का महत्वपूर्ण तरीका बताया गया है।

ग्राम पंचायत किशनपुर में पुनीत को स्थायी सचिव बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा(ग्रामीण)

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत किशनपुर में स्थायी सचिव के रूप में पुनीत सिन्हा की पदस्थापना की मांग ग्रामीणों ने की है। इस संबंध में 26 अगस्त को आयोजित ग्रामसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचायत पदाधिकारी, समाज प्रमुख और ग्रामीणों ने 8 पेज में हस्ताक्षरित ज्ञापन जनपद पंचायत पिथौरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि पुनीत सिन्हा लगभग तीन वर्षों से ग्राम पंचायत किशनपुर में पदस्थ हैं। उनके कार्यकाल में ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को गति मिली है और शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक सहज रूप से पहुँचा है। साथ ही ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के प्रति उनका व्यवहार सौहार्दपूर्ण रहा है, जिससे सभी संतुष्ट हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम पंचायत किशनपुर की सरपंच रविकांति बरिहा, ग्राम पटेल गौरहरी प्रधान, पूर्व सरपंच आनंदराम खुटे, सुरीत कैवर्त, 36 कुल समाज के अध्यक्ष राजकुमार बरिहा, उपाध्यक्ष बलभद्र साहू, सचिव दिलकुमार बांक, बिंझवार समाज जनेक बरिहा, सोनझोलिया समाज जोगलाल बरिहा, यादव समाज घनश्याम यादव, गोंड समाज सुमित सिदार, केंवट समाज रामलाल कैवर्त, संवरा समाज नंदलाल मांझी, कुम्हार समाज नारायण राणा, लोहार समाज कन्हैया लाल विश्वकर्मा, कलार समाज रामवतार सिन्हा, सतनामी समाज चेतन मिरी, घसिया समाज प्रीतराम बंछोर, कोड़ा समाज नेहरू, तेली समाज खधु साहू सहित पंचायत पदाधिकारी एवं समाज के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से शामिल रहे। लगभग 200 ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन के माध्यम से यह माँग की गई है कि पुनीत सिन्हा को स्थायी रूप से ग्राम पंचायत किशनपुर में सचिव के रूप में पदस्थ किया जाए।

गणेश के शारीरिक आकृति के आध्यात्मिक रहस्यों को बताया

महासमुंद। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में परमात्म महावाक्य श्रवण करने के पश्चात सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हाकुमारी प्रीति ने पूरे ईश्वरीय परिवार को 11 दिन चलने वाले विघ्नहर्ता गणेश के शारीरिक आकृति के आध्यात्मिक रहस्यों से सीख लेकर जीवन को सफल बनाने की सलाह दी। संस्थान में सिखाया जाने वाला राजयोग की शिक्षा के बल से साधारण मानव भी विघ्नहर्ता गणेश के समान पूजनीय और सममानीय बन सकता है। उनका विशाल मस्तक, विशाल बुद्धि को दर्शाता है। उनके बड़े कान केवल अच्छाई को ग्रहण करने का संदेश देता है, उनकी छोटी आंखें दूरदर्शिता का प्रतीक है। छोटा मुख कम बोलने के महत्व को बताता है, विशाल पेट समायोजन करने की क्षमता का प्रतीक है, एक दांत द्वंद से ऊपर उठकर संतुष्ट रहने की शिक्षा देता है, एक कुल्हाड़ी नकारात्मक आदतों और गलत विचारों को काटने की शक्ति का प्रतीक है। कमल का फूल कीचड़ जैसे कलयुगी वातावरण में भी अछूता और शुद्ध रहने का संदेश देता है, उनका एक हाथ आशीर्वाद मुद्रा हमारे संकल्प और बोल दुसरो के लिए सदा आशीर्वाद पूर्ण हो, तो इस प्रकार नित्य प्रति दिन राजयोग शिक्षा और ध्यान से साधारण मानव इस घोर कलयुग में विघ्नहर्ता के समान पूजनीय बन सकता है।

एनएचएम कर्मचारियों द्वारा मंत्रियों का मुखौटा लगाकर भीख मांगना सरकार के लिए शर्मनाक : विनोद

आम जनता से लेकर नियमित, संविदा कर्मी भाजपा सरकार की नीति से असंतुष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने 2023 के विधानसभा चुनाव के समय अपने घोषणा पत्र में प्रदेश के संविदा कर्मचारियों से वादा किया था कि प्रदेश में सरकार बनते ही 100 दिन के भीतर एनएचएम कर्मचारियों सहित समस्त संविदा कर्मियों का नियमितीकरण करेगी। आज भाजपा के उन्हीं वादों को याद दिलाते हुए पूरे प्रदेश के हजारों एनएचएम कर्मचारियों सहित महासमुंद जिले के 500 से अधिक एनएचएम स्वास्थ्य कर्मी पिछले 10 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। भाजपा अपने वादे को इस कदर भूल चुकी है कि एनएचएम कर्मचारियों द्वारा स्वास्थ्य मंत्री को खून से पत्र लिखना तथा मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री व स्वास्थ्य मंत्री का मुखौटा लगाकर सड़कों पर भीख मांगना पड़ रहा है। यह पिछले चुनावी घोषणापत्र में मोदी की गारंटी के अंतर्गत भाजपा ने नियमितीकरण का वादा किया गया था और सरकार बनने के बाद इनके साथ भी वही किया जो बाकी वर्गों के साथ किया, वह है धोखा।

चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र में संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की बात कहकर जीत तो हासिल कर ली। मगर सरकार बनते ही इन्हीं संविदा कर्मचारियों से दूरी बना लिया। विगत 10 दिनों से संविदा कर्मचारी एनएचएम अपनी मांगों को लेकर पूरे प्रदेश में आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन, शासन-प्रशासन कोई भी इनकी बातों को सुनने के लिए सामने नहीं आ रहा। आज आम जनता से लेकर संविदा कर्मचारी, मितानिन, आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ किसी न किसी मांग को लेकर सड़क पर उतर आई है। सरकार का ऐसा तनाशाही रवैया शायद ही कभी देखने को मिला होगा। भाजपा की साय सरकार की वादाखिलाफी व गलत नीति से हर वर्ग दुखी है। शासकीय कर्मचारियों के धरना हड़ताल से केवल सरकारी कामकाज ही प्रभावित नहीं होता अपितु जनता पर इसका सीधा प्रभाव पड़ता है। एनएचएच स्वास्थ्य कर्मचारियों के आंदोलन से स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था चरमरा गई है। बारिश में कई प्रकार की बीमारी जन्म लेती है और ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम कर्मचारियों के आंदोलन में जाने से अस्पताल में पहुँचने वाले मरीजों को परेशानी उठाना पड़ रहा है। लेकिन, भाजपा की साय सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा।

मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के तहत बिरकोनी में करीब 39 लाख के विकास कार्य को मिली स्वीकृति

महासमुंद। मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के तहत ग्राम बिरकोनी में करीब 39 लाख के विकास कार्य को स्वीकृति मिली है। बता दें कि राज्य शासन द्वारा

मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के तहत सीसी रोड सह नाली निर्माण कार्यों के लिए मुख्य अभियंता, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना द्वारा निर्धारित की गई मानक लागत के आधार पर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। 39.15 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार अनेक विकास कार्य कर रही है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि सुशासन सरकार में गांव, शहर सभी जगह विकास हो रहे हैं। गांव में पहुंच मार्गों के साथ आंतरिक सड़कों का निर्माण भी किया जा रहा है। इससे बारिश में होने वाली आवागमन की समस्याओं से ग्रामीणों को छुटकारा मिल रहा है। किसानों की आय बढ़ रही है। महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रुपए मिल रहा है। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर होने की दिशा में आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्का मकान मिल रहा है। प्रदेश में युवाओं के लिए नए शैक्षणिक संस्थान, हाईटेक लाइब्रेरी खोले जा रहे हैं, जिससे राज्य के युवाओं को राज्य में ही बेहतर शिक्षा मिल सके।

स्टाफ नर्स सहित सभी रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू हो : पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मेडिकल कालेज सह जिला

- भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग मरीजों को रही है भारी परेश

अस्पताल में स्टाफ नर्स के 225 पदों पर शीघ्र भर्ती की जाएगी। 3 सितंबर तक इसके लिए आवेदन मंगाए गए हैं। पूर्व पार्षद व समाजसेवी पंकज साहू ने मेडिकल कालेज में स्टाफ नर्स सहित विभिन्न रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग की थी। उन्होंने जिला अस्पताल सह मेडिकल कालेज में स्टाफ की कमी से मरीजों को हो रही परेशानियों पर चिंता व्यक्त करते हुए अस्पताल प्रबंधन पर भर्ती प्रक्रिया में देरी का आरोप लगाया था।

साहू ने बताया कि 225 पदों पर स्टाफ नर्स की भर्ती से मेडिकल कालेज की व्यवस्था में थोड़ी सुधार आ सकती है। पूर्व पार्षद ने स्टाफ नर्स सहित शेष रिक्त पदों फार्मासिस्ट के 5, सहायक अस्पताल अधीक्षक, डायटिशियन एक पद, बायोकेमिस्ट 1, असिस्टेंट नर्सिंग सुपरिटेंडेंट 1, टेक्टिनकल असिस्टेंट रिक्त 4, सुपरवाईजर रिक्त 2, टेक्निशियन रिक्त 3, ईसीजी टेक्निशियन रिक्त 2, रेडियोग्राफर 3 रिक्त 3, वार्ड ब्वाय स्वीकृत रिक्त 203, लैब अटेंडेंट रिक्त 6, स्ट्रेचर बेयरर रिक्त 6, अटेंडेंट के रिक्त चार पदों पर भी शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है।

बागबाहरा ग्रामीण चिकित्सा संघ की हुई बैठक

महासमुंद। बागबाहरा ग्रामीण चिकित्सक संघ की बैठक खलारी में हुई। जिसमें बागबहरा ब्लॉक के समस्त ग्रामीण चिकित्सक उपस्थित हुए। ग्रामीण चिकित्सकों द्वारा आने वाले समय में शासन प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करने का निर्णय लिया गया। साथ ही संघ को और मजबूत करने का निर्णय लिया गया। ग्रामीण चिकित्सकों को प्रत्येक मीटिंग में उपस्थित होने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष चेतन साहू, सचिव घनश्याम पटेल, ललित चक्रधारी, गजेंद्र साहू, कबीर साहू, गोकुल राम साहू, द्वारका प्रसाद साहू, बसंत चंद्राकर, भास्कर साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण चिकित्सकगण मौजूद रहे।

सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने कलेक्टर व एसी से की शिकायत

एक अधीक्षक चार छात्रावास का प्रभार, अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति शासकीय छात्रावास संचालित हो रही है। छात्रावास अधीक्षक मनोज कुमार चौधरी वर्तमान में प्री.मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का अधीक्षक है। साथ ही मंडल संयोजक पद का भी प्रभार है और अन्य छात्रावास पोस्ट मैट्रिक अनुसुचित जाति बालक छात्रावास बागबाहरा के अधीक्षक पद पर प्रभार लिए हुए है। इन जगहों को छोड़कर एक अन्य प्री.मै. आदिवासी छात्रावास बीकेबाहरा के अधीक्षक के पद पर भी प्रभाररत है।

सभी छात्रावासों को मिलाकर कुल 4 स्थानों पर प्रभार लिए हुए है। एक कर्मचारी एक ही समय पर 4 छात्रावासों को संचालित

कर रहे है, जिससे छात्रावासों में व्यवस्था बिगड़ गई है। सुरक्षा का अभाव है। एक कर्मचारी द्वारा सभी छात्रावासों का संचालन एक ही समय पर नही किया जा सकता है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यदि ऐसी ही व्यवस्था चलती रही तो छात्रावासों में रहने वाले सभी छात्रों में सुरक्षा एंव व्यवस्था सही व पूर्ण तरीके से नहीं हो पाएगा। अव्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए अन्य कर्मचारियों/शिक्षकों को छात्रावासों का प्रभार दिया जाना आवश्यक है, जिससे सभी छात्रावासों को सही ढंग से संचालित किया जा सकें। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, ब्लॉक अध्यक्ष चित्र कुमार भारती, खट्टी परिक्षेत्र के अध्यक्ष कृष्ण कुमार नारंग, सचिव देव कुमार जोशी, युथ ब्लॉक महेश कुमार जोशी ने कलेक्टर की अनुपस्थिति में डिप्टी कलेक्टर व सहायक आयुक्त से शिकायत करते हुए हॉस्टल अधीक्षक चौधरी को हटाकर केवल मंडल संयोजक के पद पर रखने और अन्य उल्लेखित छात्रावासों के साथ जहां-जहां एक दो छात्रावास का प्रभार है, वहां अन्य कर्मचारियों/शिक्षक को छात्रावास अधीक्षक का प्रभार दिए जाने की मांग की है।